सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

अष्टम् सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग–5

शुक्रवार, तिथि 03 फाल्गुन, 1934 (श0) / 22 फरवरी, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) स्वास्थ्य विभाग	.. ..	01
(2) योजना एवं विकास विभाग	.. ..	01
	कुल योग ..	02

चिकित्सकों का पदस्थापन

13. श्री राहुल कुमार—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 अगस्त, 2012 को प्रकाशित समाचार शीर्षक "डेढ़ मिनट में एक मरीज कैसे दूर होगा मर्ज" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित टेकनीकल असिस्टेंट सपोर्ट फॉर बिहार (बी0टी0ए0एस0टी0) के सर्वेक्षण में पाया गया है कि राज्य में सरकारी अस्पतालों के ओ0पी0डी0 में प्रतिदिन दो लाख मरीज आते हैं परंतु राज्य में चिकित्सक मात्र 4061 कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0आर0एच0एम0 द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार 3500 की आबादी पर एक चिकित्सक का होना अनिवार्य है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सकों का पदस्थापन करने हेतु कौन-सी क़दम उठाने का विचार सरकार रखती है ?

वैकल्पिक व्यवस्था करना

14. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष में केन्द्र से बिहार सरकार को 5954 करोड़ रुपये मिले थे परन्तु अबतक राज्य को मात्र 1435 करोड़ रुपये ही प्राप्त हो सके हैं जिसके कारण नहरों के निर्माण, बरौनी थर्मल पावर प्रोजेक्ट पूरा करने, दीघा में गंगा रेल-सह-सड़क निर्माण, सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं चेकपोस्ट निर्माण जैसे कार्य बाधित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार केन्द्र द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराये जाने पर उसके प्रतिकार या वैकल्पिक व्यवस्था का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 22 फरवरी, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 213-डी0टी0पी0-450